# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0–226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :........................../सम्बद्धता/2021

दिनांक :.......................................

ई–मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

### कार्यालय ज्ञाप

सूच्य है कि उ0प्र0 शासन के पत्र संख्या : 1168/सत्तर–2– 2021–16(11)/2017, दिनांक 27.10.2021 द्वारा बी0एड0 के अतिरिक्त अन्य पाठ्यक्रमों के संचालनार्थ सत्र 2022–23 के लिए अनापत्ति प्राप्त करने एवं सहयुक्तता हेतु सारिणी निर्धारित की गयी है जिसकी मुख्य तिथियां निम्नवत् हैं :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि | 31 दिसम्बर, 2021 तक |
| 2. | जमा किये गये प्रस्तावों का ऑनलाइन भूमि सम्बन्धी राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना | 31 जनवरी, 2022 तक |
| 3. | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना | 15 फरवरी, 2022 तक |
| 4. | निरीक्षण मण्डल के गठन हेतु आवेदन | 18 फरवरी, 2022 तक |
| | निरीक्षण मण्डल का गठन | 28 फरवरी, 2022 तक |
| 5. | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाना | 31 मार्च, 2022 तक |
| 6. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि | 15 अप्रैल, 2022 तक |
| 7. | शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि | 15 मई, 2022 तक |
| 8. | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि | 15 जून, 2022 तक |

अतः शासनादेश की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए अपेक्षा की जाती है कि नवीनी पाठ्यक्रमों के संचालनार्थ अनापत्ति प्राप्त करने हेतु नवीनी महाविद्यालय अथवा पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नवीनी पाठ्यक्रमों/विषयों के संचालनार्थ अनापत्ति प्राप्त करने हेतु *"henoc.up.sdc.gov.in" पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन* सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

2. लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) महाविद्यालयों में पूर्व से संचालित ऐसे पाठ्यक्रमों (बी0एड0 के अतिरिक्त) जिनकी सम्बद्धता/सहयुक्तता 30 जून, 2021 को समाप्त होने जा रही है, को भी निर्देशित किया जाता है कि– **"आगामी शिक्षण सत्र 2022–23 से स्थायी सहयुक्तता हेतु विश्वविद्यालय से *शासनादेश के अनुसार "henoc.up.sdc.gov.in" पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से* निरीक्षक मण्डल प्राप्त कर स्थलीय निरीक्षण आख्या/सुसंगत प्रस्ताव प्रत्येक दशा में निर्धारित समय सारिणी के अन्तर्गत ऑनलाइन विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें अन्यथा की स्थिति में सत्र 2022–23 से ऐसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा जिसके लिए महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।"**

3. स्थलीय निरीक्षण मण्डल नामित किये जाने हेतु लखनऊ विश्वविद्यालय के खाते में ऑन लाइन "lufees.in" पर दिये गये लिंक के माध्यम से निर्धारित शुल्क रू0 35400/–(30000+18प्रतिशत जी.एस.टी.) जमा कर उसकी रसीद की प्रति एवं पूर्व में प्राप्त सम्बद्धता/सहयुक्तता के पत्र की सत्यापित छायाप्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य है।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्या : AF/21333-36 दिनांक : 13/12/2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. प्रबन्धक, समस्त सम्बद्ध/सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी) को अनुपालनार्थ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि नोटिस को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने एवं समस्त महाविद्यालयों को ई–मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. उप कुलसचिव (सम्ब.)।
5. गार्ड फाईल।

कुलसचिव